>

Title : Need to chalk out a comprehensive plan for cleaning rivers in the country.

श्रीमती जयश्रीबेन पटेल (महेसाणा): नदियों को निर्मल करने हेतु पिछले दस वर्षों में केन्द्र की मदद से 36 अरब रूपये खर्च किए गए हैं, किंतु एक भी नदी स्वच्छ नहीं हो पाई है। पिछले 7 सालों में नेशनल रिवर कंजरवेशन डायरेक्टोरेट की एक भी बैठक नहीं हुई है। दिल्ली के यमुना नदी की बात करें तो 3800 मिलियन लीटर गंदगी एवं औद्योगिक कचरा यमुना में डाला जाता है। ट्रीटमेंट प्लांट की बात करें तो उसकी नियमित सफाई तथा सर्विस न होने से ज्यादातर नाकाम रहते हैं।

मैं सरकार से अनुरोध करती हूं कि नदियों की सफाई हेतु सक्षम नीति - कठोर कदम, पारदर्शिता का अवलंबन करे।